शेयर		
बीएसई	52,793.62	(▼ 136.69)
निफ्टी	15,782.15	(▼ 25.85)
निफ्टी IT	29,624.85	(▼ 132.00)

सोना चांदी	सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम)		चांदी (प्रति किग्रा)	
नागपुर	52,150	(▼)	66,200	(▼)
मुंबई	50,465	(▼)	59,106	(▼)

₹/डॉलर | 77.47 (प्रति डॉलर)

कच्चा तेल | 108.6 (प्रति बैरल)

कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को उम्मीद है कि सरकार के लगभग 16,100 करोड़ रुपये के बकाये को कंपनी में 33 प्रश हिस्सेदारी में बदलने का काम आने वाले हफ्तों में पूरा हो जाएगा. वोडाफोन आइडिया के सीईओ रविंदर टक्कर ने कहा कि दूरसंचार सुधार पैकेज के हिस्से के रूप में कंपनी ने सरकारी बकाया को इक्विटी में बदलने का विकल्प चुना है. दूरसंचार विभाग (डॉट) ने इसकी पुष्टि की है. यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरकार की कंपनी में 33 फीसदी हिस्सेदारी होगी और प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 74.99 फीसदी से घटकर 50 फीसदी हो जाएगी. हमें उम्मीद है कि आने वाले हफ्तों में रूपांतरण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी. सुधार पैकेज के तहत दूरसंचार विभाग ने कंपनी को करीब 16,000 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी लौटा दी है.

देश से भी अधिक महंगाई महाराष्ट्र में

राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा

■ **दिल्ली,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. देश के कई राज्य ऐसे हैं जहां राष्ट्रीय औसत महंगाई दर 7.79 फीसदी से अधिक है. इनमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र समेत मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में महंगाई इस औसत से ज्यादा है. यूपी में महंगाई 8.46, हरियाणा में 8.95, झारखंड में 7.80, मध्य प्रदेश में 9.10, महाराष्ट्र में 8.78 फीसदी महंगाई दर है. वहीं दिल्ली में महंगाई दर केवल 6.58 फीसदी है तो बिहार में 7.56 फीसदी और उत्तराखंड में 6.77 फीसदी. अप्रैल में खुदरा महंगाई दर आठ फीसदी के करीब पहुंच गई है जो पिछले साल के इसी माह से करीब दोगुना है. पिछले साल अप्रैल में खुदरा महंगाई 4.23 फीसदी पर थी.



राज्यों में महंगाई का स्तर

राज्य	
यूपी	8.46
हरियाणा	8.95
झारखंड	7.80
मध्य प्रदेश	9.10
महाराष्ट्र	8.78
दिल्ली	6.58
बिहार	7.56
उत्तराखंड	6.77

इन चीजों की महंगाई तेजी से बढ़ी (प्रतिशत में)

तेल और घी	17.28
सब्जियां	15.41
मसाले	10.56
खाने पीने की चीजें	8.10
ईंधन और बिजली	10.80
कपड़े चप्पल	9.85
ट्रांसपोर्ट और संचार	10.91
व्यक्तिगत देखभाल	8.62
फल	4.99
तैयार खाना	7.10

खुदरा और थोक महंगाई में अंतर

▮ थोक महंगाई में थोक विक्रेताओं के बिंदु पर कीमतों में वृद्धि को मापा जाता है और केवल वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को ध्यान में रखा जाता है, जबकि खुदरा महंगाई में खुदरा विक्रेता के बिंदु पर मूल्य वृद्धि को मापा है और इसमें वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बदलाव को शामिल किया जाता है.

▮ थोक महंगाई में सबसे अधिक 64.23% भारांक विनिर्मित वस्तुओं का है, जबकि खुदरा महंगाई में सबसे अधिक 45.86% भारांक खाद्य और पेय पदार्थों को दिया गया है. यानी जब खाने-पाने का सामान महंगाई होता है तो खुदरा महंगाई में वह दिखता हैं. वहीं जब निर्मित वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं तो थोक महंगाई पर उसका असर दिखता है.

6 IPO डुबो चुके हैं निवेशकों की लुटिया

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. लिस्टिंग डे के दिन जिन आईपीओ ने अपने निवेशकों को निराश किया, उनमें एजीएस ट्रांजैक्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, रेनबो चिल्ड्रेन्स मेडिकेयर लिमिटेड, एवोक रेमिडीज लिमिटेड, ग्लोबल लॉन्गलाइफ हास्पिटल हैं. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का इश्यू 902 रुपये से 949 रुपये के प्राइस बैंड में बिका. खुदरा निवेशकों, कर्मचारियों और बीमाकर्ता के पॉलिसीधारकों की मजबूत मांग के कारण रिकॉर्ड टूटे. एलआईसी आईपीओ के आवेदकों को उनके शेयर अलॉट हो चुके हैं और संभवतः इसकी लिस्टिंग 17 मई को हो.

28 में से 20 IPO ऊपर

बता दें साल 2022 में अब तक 24 आईपीओ आ चुके हैं. इनमें से 8 बीएसई के मेन बोर्ड पर हैं और 16 बीएसई एमएसएमई सेगमेंट में हैं. अब तक लिस्ट हुए 28 में से 20 आईपीओ अपने इश्यू प्राइस से ऊपर रहे और 4 नुकसान में. इसके अलावा अगर बात लिस्टिंग डे की करें तो 18 आईपीओ ने अपने निवेशकों को लिस्टिंग के दिन मुनाफा कमवाया, जबकि 6 ने निराश किया. अब लाखों निवेशकों की उम्मीद एलआईसी के आईपीओ पर टिकी है.

विदेशी मुद्रा भंडार घटा

■ **मुंबई,** एजेंसियां. देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2021 के अंत के 635.36 अरब डॉलर से घटकर इस वर्ष मार्च महीने के अंत तक 607.31 अरब डॉलर रह गया है. इस तरह विदेशी मुद्रा भंडार में 28.05 अरब डॉलर की गिरावट आई है. आरबीआई ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी. आरबीआई ने विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करता है. इसे पारदर्शिता और खुलासे के स्तर में सुधार की दृष्टि से प्रकाशित किया जाता है.

28.05 अरब डॉलर की आई गिरावट

1. वर्तमान रिपोर्ट इस पूरी श्रृंखला में 38वीं रिपोर्ट है, जो मार्च, 2022 के अंत की स्थिति के संदर्भ में है.
2. जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर 2021 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 635.36 अरब डॉलर था, जो मार्च, 2022 के अंत तक घटकर 607.31 अरब डॉलर रह गया.

रिलायंस के पंपों के बंद होने का खतरा

■ **दिल्ली,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. रिलायंस इंडस्ट्रीज के 1,400 से अधिक पेट्रोल पंपों पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है. कंपनी जियो-बीपी ब्रांड नाम से ये पेट्रोल पंप चलाती है जो रिलायंस और बीपी पीएलसी का जॉइंट वेंचर है. हाल में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी से कंपनी को भारी नुकसान हो रहा है और उसने पेट्रोल पंपों को डीजल की सप्लाई आधी कर दी है. डीलरों का कहना है कि पेट्रोल पंपों को बंद होने से बचाने के लिए कंपनी उन्हें मुआवजा देने की योजना बना रही है. रिलायंस ने 16 मार्च को डीलरों को डीजल की रोजाना बिक्री करीब आधी कर दी थी. उसका कहना था कि उसे एक लीटर डीजल पर 10 से 12 रुपये का नुकसान हो रहा है.

मुख्य कार्यालय, विरार
विरार (पुर्व),
ता. वसई, जि. पालघर-४०१ ३०५

दूरध्वनी:०२५०-२५२५१०५/०६/२५२९८८८/२५२९८९०
फॅक्स : ०२५०-२५२५१०७
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./३२/२२-२३
दिनांक : १३/०५/२०२२

VASAI-VIRAR CITY MUNICIPAL CORPORATION, VIRAR

E-TENDER NOTICE

Vasai Virar City Municipal Corporation invites bids from eligible bidders for implementation of Legal Case Monitoring System along with the scanning of all case documents using own manpower, Hardware and technical, implementation support.

Sr.No.	Activity/Milestone	Date/Place/Amount
1.	Cost of Tender Document (non Refundable)	Rs. 10,000 + 18% GST
2.	Earnest Money Deposit (EMD)	Rs.1,00,000/-
3.	Estimated Cost	Rs. 1,41,60,000/
4.	Tender Document downloads and bid submission	17/05/2022 TO 31/05/2012
5.	Technical Bid Opening Date & Time.	01/06/2022 at 12.00 PM (if possible)
6	Website for downloading & submitting Tender Document, Corrigendum's, Addendums etc	https://mahatenders.gov in

Sd/-
Deputy Commissioner
Vasai Virar City Municipal Corporation

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय
मुख्य गुणवत्ता आश्वासन अधिष्ठापन (वेपन स्पीयर्स)
डीक्यूएएन/एनएमआरएल कॉम्प्लेक्स, 9वीं मंजिल, नेवल डॉकयार्ड, टाइगर गेट मुंबई – 400 023

विज्ञापन क्र. : ____________________

1. निम्न संलग्न निर्धारित प्रारूप में पात्र उम्मीदवारों से निम्नलिर्दिष्ट पद हेतु रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं. साधारण डाक से अथवा अन्य किसी भी माध्यम से मेल किये गये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे.

पद का नाम	वेतनमान	रिक्तियों का वितरण						योग्यता
		अना	अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस	कुल	
सिविलियन मोटर ड्राइवर – सामान्य ग्रेड (सीएमडी) (ओजी)	पे लेवल – 2 (रु. 5200 – 20,200 जीपी 1900/-	01	--	--	01	--	02	(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रीक्युलेशन अथवा समकक्ष (ii) ड्राइविंग में कम से कम चार वर्षों के अनुभव के साथ कारों और भारी वाहनों की ड्राइविंग हेतु वैध परमानेंट लाइसेंसधारक तथा सामान्य कुशाग्रता, मोटर मैकेनिक्स का ज्ञान और ड्राइविंग का पेशेवर कौशल.

* रिक्तियां परिवर्तन के अधीन हैं.

प्रयुक्त संक्षिप्त रूपों का तात्पर्य. जन. – जनरल, **यूआर** – अनारक्षित, **एससी** – अनुसूचित जाति, **एसटी** – अनुसूचित जनजाति, **ओबीसी** – अन्य पिछड़ा वर्ग, **ईएसएम** - पूर्व सैनिक, **ई-डब्ल्यूएस** – आर्थिक पिछड़ा वर्ग

2. **आवेदन बंद होने की तिथि** : उम्मीदवारों से आवेदन स्वीकृति बंद होने की तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **21 दिन** होगी जबकि आसाम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर राज्य का लद्दाख डिवीजन, हिमाचल प्रदेश का चंबा जिले का पांगी सब-डिवीजन और लाहौल और स्पिती जिला, अंडमान और निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों के लिये आवेदन स्वीकृति की अंतिम तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 28 दिन होगी.

3. विस्तृत दिशानिर्देशों हेतु कृपया संगठन की वेबसाइट **www.dggadefence.gov.in** का अवलोकन करें.

डीएवीपी 10203/11/0006/2223

QUICK NEWS

फायदे में आया उज्जीवन बैंक

मुंबई. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक वित्त वर्ष 2021-22 में पहली बार मुनाफे में आया है. बैंक ने जनवरी से मार्च 2022 की अवधि में 127 करोड़ रु. का शुद्ध लाभ दर्ज किया है. बैंक के प्रबंध निदेशक इत्तिरा डेविस ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही वाकई मज़बूत तिमाही रही, जिसमें बैंक ने अपनी 100-दिवसीय योजनाओं के तहत परिकल्पित टर्नअराउंड पूरा किया जिसे सितम्बर'21 से शुरू किया गया था. यह मज़बूत कारोबारी प्रदर्शन के साथ-साथ संग्रह के लिए निरंतर प्रयास से संभव हुआ, जो दिसंबर'21 में दर्ज 97 प्रतिशत से बढ़कर मार्च'22 में 100 प्रतिशत हो गया. बैंक ने 4,870 करोड़ रु. का वितरण किया, जिससे लोन बुक बढ़कर 18,162 करोड़ रु. का हो गया.

RBI के सामने दोहरी चुनौती

महंगाई 'डायन' से ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव

■ **दिल्ली,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. खुदरा महंगाई के डरावने आंकड़े एक तरफ तो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव बना रहे हैं तो दूसरी ओर अर्थव्यवस्था को गति देने की चुनौती है. ऐसे में आरबीआई के सामने दोहरी समस्या आ गई है, जिसका जल्द निदान खोजना जरूरी हो गया है. वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा कि अगर रिजर्व बैंक ने अपनी नीतिगत दरों (रेपो रेट) में और ज्यादा बढ़ोतरी की तो इसका अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा और विकास दर की रफ्तार सुस्त पड़ सकती है. भारत की जीडीपी अभी संकट से पूरी तरह उबरी नहीं है और उसके सामने कोरोना महामारी के संक्रमण के साथ महंगाई का बढ़ता जोखिम बड़ी चुनौतियां खड़ी कर रहा है. आरबीआई ने अप्रैल में हुई एमपीसी बैठक में रेपो रेट को 0.40% बढ़ा दिया था, जो मई 2020 के बाद पहली बढ़ोतरी थी.

▮ आरबीआई पर महंगाई का और दबाव बढ़ा तो जून की एमपीसी बैठक में एक बार फिर ब्याज दरें बढ़ाई जा सकती हैं. साथ ही चालू वित्त वर्ष के लिए अपनी महंगाई दर के अनुमान को भी बढ़ा सकता है.

▮ अप्रैल में खुदरा महंगाई की दर बढ़कर 7.79 फीसदी पहुंच गई है, जो आठ साल के उच्चतम स्तर पर है.

▮ **वैश्विक महंगाई नियंत्रित में भूमिका निभाए WTO :** भारत चाहता है कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में अपनी भूमिका निभाए, जिसका असर सदस्य देशों की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है. डब्ल्यूटीओ में राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि ब्रजेंद्र नवनीत ने भारत की तरफ से दिए गए बयान में यह बात कही है. उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार निकाय के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता अर्थव्यवस्था का पुनरुद्धार होना चाहिए और कोरोना महामारी के बाद और भू-राजनीतिक संकट की स्थिति के दौरान विकास को बनाए रखना चाहिए.

SBI को लाभ

दिल्ली (ए). भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शुक्रवार को 31 मार्च 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में सालाना आधार पर शुद्ध लाभ में 41.2 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है. उसका शुद्ध लाभ बढ़कर 9,113.5 करोड़ रुपये हो गया है. बैंक ने 7.10 रुपये प्रति शेयर के लाभांश की भी घोषणा की है. बैंक ने 13 मई को मीटिंग में लाभांश तय किया. इसका पेमेंट 10 जून को होगा. बैंक ने एक साल पहले की अवधि यानि वित्तीय वर्ष 21 के चौथी तिमाही में 6,451 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था.

खेल

प्लेआफ की उम्मीद में भिड़ंत

आज हैदराबाद-KKR में सामना, दोनों के लिए करो या मरो की स्थिति

■ **पुणे,** एजेंसियां. लगातार 4 मैचों में हार के बाद वापसी के लिये संघर्षरत सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिये केकेआर के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में गेंदबाजी से जुड़ी अपनी समस्याओं को दूर करना होगा. लगातार 5 मैचों में जीत के बाद लगातार 4 हार से सनराइजर्स की आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है. उसके 11 मैचों में 10 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिये बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे. केकेआर के 12 मैचों में 10 अंक हैं और वह बाहर होने के कगार पर है. श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम के केवल 2 मैच बचे हुए हैं और इनमें जीत से भी वह 14 अंक तक ही पहुंच पाएगी जो कि प्लेऑफ में पहुंचने के लिये पर्याप्त नहीं हो सकते क्योंकि राजस्थान रॉयल्स और आरसीबी 12 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष 4 में बने हुए हैं. सनराइजर्स की पिछले मैचों में हार का मुख्य कारण उसके मुख्य गेंदबाजों वाशिंगटन सुंदर और टी नटराजन का चोटिल होना तथा तेज गेंदबाज उमरान मलिक का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है.

बदलाव का खामियाजा भुगत रही कोलकाता

दूसरी तरफ केकेआर को अंतिम एकादश में लगातार बदलाव का खामियाजा भुगतना पड़ा है. उसकी टीम हालांकि मुंबई इंडियन्स पर जीत के बाद इस मैच में उतरेगी. केकेआर की टीम पावरप्ले में रन बनाने के लिये जूझ रही है. वेंकटेश अय्यर ने हालांकि बीच में बाहर किये जाने के बाद अच्छी वापसी की है. पिछले मैच में टिम साउदी और पैट कमिन्स दोनों को अंतिम एकादश में शामिल किया गया था और इन दोनों ने मिलकर 4 विकेट लिये. लेकिन रिपोर्टों के अनुसार कमिन्स आईपीएल के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे और वह कूल्हे की चोट से उबरने के लिये स्वदेश लौट रहे हैं. केकेआर की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले उमेश यादव पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाये थे. टीम को उम्मीद है कि वह जल्द फिट हो जाएंगे.

पंजाब किंग्स ने RCB को हराया

मुंबई, पंजाब ने जॉनी बेयरस्टो (66) व लियाम लिविंगस्टोन (70) के अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 54 रन से हरा दिया. पंजाब किंग्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिये इस मैच में जीत की दरकार थी और इस दमदार जीत ने उसके नेट रन रेट में भी इजाफा किया. अब पंजाब के 12 अंक हो गये हैं जिससे टीम छठे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि आरसीबी 14 अंक से चौथे स्थान पर बरकरार है लेकिन उसका रन रेट 'नेगेटिव' में है.

संतोष ट्रॉफी विजेता टीम को 1.14 करोड़

तिरुवनंतपुरम (ए). केरल सरकार ने प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी जीतने वाली राज्य की फुटबॉल टीम को शुक्रवार को एक करोड़ रुपये से अधिक का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की. केरल ने फाइनल में बंगाल को पेनल्टी शूट आउट में हराया था. मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में टीम को कुल 1.14 करोड़ रुपये नकद पुरस्कार देने का फैसला किया गया. विजेता टीम के 20 खिलाड़ियों और मुख्य कोच में से प्रत्येक को 5 लाख रुपये जबकि सहायक कोच, मैनेजर और गोलकीपर प्रशिक्षक को 3-3 लाख रुपये देने का फैसला किया गया.

कोल्हापूर महानगरपालिका
भांडार स्टेशनरी विभाग

टेंडर नोटीस नं. १५

कोल्हापूर महानगरपालिका कार्यालयीन कामकाजा करिता सन २०२२-२३ साला साठी संगणक नविन कार्टेज खरेदी व रिफिलींग करणे बाबत वार्षीक ठेकेदारी निश्चित करणे कामी निविदा मागविणेत आले असून www.mahatenders.gov.in या पोर्टलवर निविदा प्रसिध्द करणेत आली आहे. सदर निविदेचा कालावधी दिनांक १३/०५/२०२२ ते दिनांक २०/०५/२०२२ ई रोजीपर्यंत आहे. तरी इच्छुकांनी अधिक माहितीसाठी तसेच निविदा प्रक्रियेत भाग घेणेसाठी www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटला भेट दयावी.

सही/-
सहा-आयुक्त क्र. २
कोल्हापूर महानगरपालिका

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई – 400021

सूचना

शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण-पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो गए हैं. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण-पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलेंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली – 110055, (ई-मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

भारतीय स्टेट बैंक

क्र. सं.	फोलियो सं.	धारक(कों) का नाम	शेयरों की संख्या	प्रमाणपत्र संख्या से	प्रमाणपत्र संख्या तक	विशिष्ट संख्या से	विशिष्ट संख्या तक
1	07519540	रवि कुमार अगरवाल, पुष्पा अगरवाल	140	6319568	6319568	8062325717	8062325856
2	00780159	संदीप सिंघल	30	54876	54876	7386508681	7386508710
3	07107460	संदीप सिंघल	400	230130	230130	7460934541	7460934940
4	01155813	विरेंद्र पाल सिंह, मुकेश कुमार सिंह	500	119508	119508	7406038531	7406039030
5	03094758	पुनीत मेथी	500	212044	212044	7453725891	7453726390
6	07504821	सिताराम नारायण दलवी	240	6304887	6304887	8058813433	8058813672
7	01252761	रोबिंद्र रॉय चौधरी, सोमा रॉय चौधरी, अनिमा रॉय चौधरी	500	125829	125829	7409274801	7409275300

उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/- के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).

स्थान: मुंबई | शेयरों की संख्या: 2310 | महाप्रबंधक
दिनांक: 14.05.2022 | प्रमाण पत्रों की संख्या: 7 | (शेयर एवं बांड)

मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण बोर्ड
(महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
टेली. नं. – 22187785, ईमेल : rreeamhada@gmail.com
म्हाडा MHADA

निविदा सूचना

कार्यकारी अभियंता ए डिवी., एम. बी. आर. एंड आर. बोर्ड, कोलाबा कफ परेड, कोलाबा, मुंबई – 400 005 की ओर से पीडब्ल्यूडी/म्हाडा/सीपीडब्ल्यूडी/सिडको/एमईएस/एमजेपी/एमआईडीसी/भारतीय रेलवे/बीपीटी/एमसीजीएम के साथ पंजीकृत ठेकेदारों/ठेकेदारों की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "बी-1" प्रपत्र (प्रतिशत दर) में डिजिटली हस्ताक्षरित एवं शर्तरहित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है.

ई-निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	ई.एम.डी., अनुमानित लागत का 1%	सुरक्षा जमाराशि, अनुमानित लागत का 2%	ठेकेदार का पंजीकरण (श्रेणी)	निविदा मूल्य, जीएसटी सहित रु. में	कार्य के समापन हेतु समय सीमा
1	बिल्डिंग नं. 272, एस. बी. एस. रोड, लकी हाउस, फोर्ट, मुंबई की मरम्मत (बोर्ड फंड कार्य) 3रा बुलावा	30,64,276/-	30643.0	62000.00 (50% आरंभिक तथा 50% बिल के जरिये)	श्रेणी – V एवं ऊपर	560.00	18 माह (मानसून सहित)

अ. क्र.	चरण विवरण	समयावधि की तिथि
1.	प्रकाशन तिथि	17.05.2022, 10.00
2.	दस्तावेज बिक्री का आरंभ	17.05.2022, 10.05
3.	दस्तावेज बिक्री का समापन	23.05.2022, 17.30
4.	बोली जमा का आरंभ	17.05.2022, 10.05
5.	बोली जमा का अंत	23.05.2022, 17.35
6.	तकनीकी बोली का खुलना	25.05.2022, सुबह 11.00 बजे से
7.	मूल्य बोली का खुलना	25.05.2022, सुबह 12.00 बजे से

1. सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया दो बोली प्रणाली में ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) होगी. उक्त निविदा सूचना के संबंध में सभी अधिसूचनायें तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें एतद्पश्चात वेबसाइट https://mahatenders.gov.in म्हाडा वेबसाइट – https://mhada.maharashtra.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित की जायेंगी.
2. बोली कागजात वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर दिनांक **17.05.2022 को 10.05 बजे से दिनांक 23.05.2022 को 17.30 बजे** तक लोड किये जायेंगे.
3. निविदा प्रपत्र शुल्क तथा बयाना रकम जमा (ईएमडी) हेतु भुगतान केवल ऑनलाइन ही करना होगा.
4. तकनीकी बोलियां **दि. 25.05.2022, सुबह 11.00 बजे** से खोली जायेंगी तथा मूल्य बोलियां **दि. 25.05.2022, सुबह 12.00 बजे** से कार्यकारी अभियंता ए डिवीजन, एम. बी. आर. एंड आर. बोर्ड, कोलाबा कफ परेड, कोलाबा, मुंबई – 400 005 के कार्यालय में वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर खोली जायेंगी.
5. ई-निविदाकर्ता को तकनीकी बोली खुलने के समय सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज (जो बोली तैयारी के दौरान अपलोड किये गये हैं) जमा करने होंगे.
6. अनुमानित लागत से कम दरें उद्धृत होने के मामले में, एल 1 (1ले निम्नतम) बोलीकर्ता को निविदा खुलने की तिथि से 8 दिनों के भीतर अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा जमाराशि जमा करनी होगी. यदि वह अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा जमाराशि जमा करने में असफल होते हैं तो एल2 (2रे निम्नतम) बोलीकर्ता को अवसर दिया जायेगा तथा यदि एल2, एल1 द्वारा उद्धृत दर से कम % पर कार्य निष्पादन हेतु सहमत होते हैं तो उनके प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जायेगा. अधिक जानकारी के लिये कृपया विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.
7. निविदाकर्ता को तकनीकी प्रस्ताव में निर्दिष्ट अनुसार तकनीकी लिफाफे में पीडीएफ प्रारूप में जानकारी तथा स्कैन्ड प्रतियां जमा करनी होंगी.
8. निविदाकर्ता के पास किसी भी प्रमाणन प्राधिकारी से प्राप्त वैध श्रेणी II/III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) अवश्य होना चाहिये.
9. कार्यकारी अभियंता ए डिवी., एम. बी. आर. एंड आर. बोर्ड, कोलाबा कफ परेड, कोलाबा, मुंबई – 400 005 के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.
10. जीएसटी अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र अनिवार्य है.
11. बोलियां ऑनलाइन जमा करने तथा निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने के बारे में दिशानिर्देश वेबसाइट https://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं. **हेल्प सपोर्ट : 1800-233-7315, ई-मेल :** eproc.support@mahatenders.gov.in

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता ए डिवीजन,
एम. बी. आर. एंड आर. बोर्ड

सीपीआरओ/ए/238 — म्हाडा - राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण